आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 04.02.2025
समय : 0705
<><><><><><><>

1. केन्द्रीय बजट पर आयोजित फिक्की सम्मेलन को वित्त सचिव तुहिन कांत पाण्डेय ने संबोधित किया। कहा –भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लगातार अपना स्थान बनाए हुए है।

2. नई दिल्ली के राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से मधुमक्खीपालन पर दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया जा रहा है।

3. पॉश अधिनियम के तहत कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम पर आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा।

4. उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपसमूह के साइक्लिस्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक हासिल किए हैं।

<><><><><><><>

वित्त सचिव और वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लगातार अपना स्थान बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रतिकूल परिस्थितियां और बढ़ती आकांक्षाओं के बीच यह गति बनाये रखने की आवश्यकता है। श्री पांडेय ने यह बात कल नई दिल्ली के केन्द्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस पर आयोजित फिक्की सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। श्री पांडेय ने कहा कि इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों सहित प्रत्येक क्षेत्र की मांग और आपूर्ति कारकों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में मोबाइल इकाईयों का विनिर्माण भारत के लिए सफलता का संकेत है। इसे अब विश्वभर में स्वीकृति मिल रही है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस का केन्द्रीय बजट तैयार करते समय विश्वास प्रथम और शासन में एक आदर्श बदलाव मुख्य थीम रहा। वहीं केन्द्रीय अप्रत्यक्ष और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि बजट में औद्योगिक वस्तुओं पर सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाया गया है। इस सम्मेलन में फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि केन्द्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस एक दूरदर्शी बजट है। इस बजट में विकसित भारत के प्रति अटूट वचनबद्धता प्रदर्शित की गई है।

<><><><><><><>

दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों के मानसिक तनाव और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए दक्षिण अंडमान अंचल में समिति का गठन किया गया है। इस समिति में स्थानीय अधिकारियों और स्रोत अधिकारियों को शामिल किया गया है। विद्यार्थी 9443492050, 9434286163, 9434289630, 9434283815 और 9679507383 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रशासन के कृषि विभाग की ओर से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से मधुमक्खीपालन पर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कल क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने गोलघर स्थित क्षेत्रीय कृषि कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित चेल्लम्मल भी उपस्थित थीं। इस पहल का उद्देश्य वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पद्धति में ज्ञान और कौशल को बढ़ावा देना है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने द्वीप समूह में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों और स्वयं सहायता समूहों को न केवल शहद उत्पादन के लिए बल्कि इसके परागण लाभों के लिए भी मधुमक्खी पालन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। तकनीकी सत्र के दौरान, क्यारी और कृषि विभाग के स्रोत विशेषज्ञों द्वारा मधुमक्खी पालन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दिन इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम में करीब नब्बे से अधिक प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में कार्यालय सहायक और सुरक्षा गार्ड के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों की जांच का कार्य आज सुबह नौ से दस बजे के बीच निदेशालय में किया जाएगा। साक्षात्कार कल सुबह दस बजे से शिक्षा सदन स्थित शिक्षा सचिव के कक्ष में लिया जाएगा।

<><><><><><><>

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम—पॉश अधिनियम के तहत आज श्री विजयपुरम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, दस

से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जागरूकता सत्र आज सुबह दस बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उपस्थित लोगों को महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त सुरक्षित कार्यस्थल बनाने, शिकायतों पर कार्रवाई और सभी आवश्यक कानूनी प्रोटोकॉल का अनुपालन बनाए रखने के बारे में जानकारी दी जाएगी। सत्र में पॉश (**POSH**) अधिनियम पर विशेषज्ञ वक्ता शामिल होंगे और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपसमूह के साइक्लिस्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक हासिल किए हैं। पुरूषों की व्यक्तिगत स्प्रिन्ट स्पर्धा में डेविड बेकहम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक और एसो ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। महिलाओं की व्यक्तिगत स्प्रिन्ट में सेलिस्टीना ने सराहनीय प्रदर्शन के साथ रजत पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय खेल चौदह फरवरी तक जारी रहेंगे, जिसमें देश भर के शीर्ष एथलीट विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

<><><><><><><>

मायाबंदर के महात्मा गांधी कॉलेज में पर्यावरण और वन विभाग के सहयोग से हाल ही में विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रैली निकाली गई। रैली को मुख्य वन संरक्षण डॉ एस दिनेश कन्नन ने हेलीपैड से झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जैव विविधता के महत्व और इसके संरक्षण रणनीतियों पर मुख्य वन संरक्षक ने जानकारी दी। इस अवसर पर मायाबंदर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी प्रभुराम ने भी कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके तहत करमाटांग नंबर–नौ में समुद्र तट की सफाई और मैंग्रोव रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों ने समुद्र तट से लगभग सोलह बैग समुद्री कूड़े को एकत्र किया। बाद में अलग किए गए कचरे को निकटतम ठोस और तरल संसाधन प्रबंधन केंद्र को सौंप दिया गया। कार्यक्रम का समापन मैंग्रोव रोपण अभियान के साथ हुआ, जहाँ भूगोल विभाग के छात्रों और शिक्षकों ने आठ अलग–अलग मैंग्रोव प्रजातियों के लगभग पचास पौधे लगाए।

<><><><><><><>

द्वीपों मे कल भी विभिन्न स्थानों पर सरस्वती पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। द्वीपों के ज्यादातर राजकीय और निजी विद्यालयों मे कल सरस्वती पूजा आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने परंपरा के अनुसार मां सरस्वती की पूजा की। इस दौरान कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। श्री विजयपुरम के काली माता मंदिर में भी कल विशेष सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इसके अलावा अंडमान लॉ कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर समेत अन्य शिक्षण संस्थाओं में भी सरस्वती पूजा की गई। विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय में भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। स्कूल के शिक्षक ने पूजा के महत्व के बारे में बताया।

विद्यार्थियों ने भी पूजा में बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजनों को उनके पुनर्वास के लिए पचास लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय के अधीन एन डी एफ डी सी दिव्यांगजनों को मामूली ब्याज पर संशोधित स्कूटर, बाईक, कार या अन्य उन्नत सहायक उपकरण खरीदने के लिए ऋण प्रदान करता है। योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी एन डी एफ डी सी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

उत्तराखंड में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में द्वीपों के साइकिल चालकों द्वारा व्यक्तिगत स्प्रिन्ट स्पर्धा में तीन पदक जीतने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी पहली खबर बनाई है। ग्रामी पुरस्कार जीतने पर भारतीय मूल की चन्द्रिका टंडन को प्रधानमंत्री द्वारा बधाई दिए जाने की खबर को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह प्राइवेट प्रैक्टिशिंग डॉक्टर्स एसोसिएशन और रोटरी क्लब की ओर से निशुल्क बहुविशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने पहने पन्ने में जगह दी है। मायाबंदर कॉलेज में विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।